# 1. *प्रबंधकीय लेखांकन से आशय व परिभाषा*

## Meaning and Definition of Managerial Accounting

प्रबंधकीय लेखांकन को लेखांकन का एक महत्वपूर्ण उपकरण के नाम से जाना जाता है, क्योंकि इसका उपयोग व्यवसाय के कुशल प्रबंध, नीति–निर्धारण तथा नियंत्रण के लिए किया जाता है।

प्रबंधकीय लेखांकन एक विशेष प्रकार का लेखांकन है जो अपनी फर्म के प्रदर्शन के बारे में बेहतर निर्णय लेने में प्रबंधन की सहायता करने के लिए बयान, रिर्पाट और प्रलेखन उत्पन्न करता है। प्रबंधकीय लेखांकन का उपयोग मुख्य रूप से आंतरिक रूप से किया जाता है।

*प्रबंधकीय लेखांकन से आशय उस प्रकिया से होता है जिसमें प्रबंध अपनी आवश्यकतानुसार लेखाविधि से सूचनाएं प्रात्प करने में सक्षम होता है।*

*प्रबंधकीय लेखांकन की कुछ प्रमुख परिभाषाएं निम्नलिखित हैं :–*

**1. टी. जी. रोज के अनुसार,** ‘‘प्रबंधकीय लेखांकन, लेखा सूचनाओं की प्राप्ति एवं विश्लेषण है तथा यह उनकी पहचान एवं व्याख्या प्रबंध को सहायता करने के लिए करता है।’’

**2. टार. एन. एन्थोनी के अनुसार,** ‘‘प्रबंधकीय लेखांकन का संबंध लेखाविधि की उस सूचना से होता है जो प्रबंध के लिए उपयोगी है।’’

**3. वाल्टर बी. मैक्फरलैण्ड के अनुसार,** ''प्रबंधकीय लेखाविधि किसी उपक्रम के नियोजन एवं प्रशासन हेतु सभी स्तरों पर प्रबंध के लिए उपयोगी समंक की पूर्ति करने से संबंधित है।''

**4. जे. बैट्टी के अनुसार,** ''प्रबंधकीय लेखांकन शब्द का प्रयोग उन लेखांकन विधियों, पद्धतियों और तकनीकों का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो विशिष्ट ज्ञान और योग्यता के संयोजन से प्रबंध को अपने लाभों को अधिकता या होनियों को न्यूनतम करने के कार्य में सहायता प्रदान करती है।''

**5. प्रबंध लेखांकन इंग्लैंड और वेल्स के चार्टर्ड एकाउंटेंट के अनुसार,** ''लेखांकन के किसी भी रूप में जो एक व्यापार और अधिक कुशलता से काम करने के लिए सक्षम बनाना है।''

**6. अमेरिकन लेखा संघ के अनुसार,** ''प्रक्रियाओं और प्रभावी योजनाओं के लिए आवश्यक अवधारणाओं के रूप में परिभाषित करता है, वैकल्पिक व्यावसायिक गतिविधियों के बीच निर्णय लेने, मूल्यांकन करने और प्रदर्शन की व्याख्या के माध्यम से नियंत्रण करना है''

**निष्कर्ष:—**उक्त परिभाषाओं के अध्ययन से यह कहा जा सकता है कि प्रबंधकीय लेखांकन का आशय ऐसी तकनीक एवं पद्धति से है जो वित्तीय लेखांकन के आधार पर प्रबंध को प्रभावकारी नियंत्रण करने में सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराती है।

******************